आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के नजरिए से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज न सिर्फ रोमांचक होगी बल्कि टीम को खुद को जांचने परखने का भरपूर मौका देगी । - शान मसूद

पाकिस्तान के कप्तान, गुरुवार से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

सूर्य कुमार यादव

भारत की टी-20 टीम के कप्तान और विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में उनके तेज अर्धशतक का इनाम मिला है, जिससे आईसीसी पुरुष टी20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर उनकी बढ़त और बढ़ गई है। सूर्य ने केवल 36 गेंदों में 56 रनों की पारी खेली और दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कुल 10 रेटिंग अंक हासिल किए, जिससे सबसे छोटे प्रारूप में नंबर वन रैंक के बल्लेबाज के रूप में उनकी बढ़त और बढ़ गई। भारतीय स्टार के अब कुल 865 रेटिंग अंक हैं।

क्या आप जानते हैं ?... मैक्सिको में 1970 में हुए विश्व कप फुटबॉल में पहली बार लाल व पीले कार्ड का उपयोग शुरू किया गया, पर इस विश्वकप में एक भी खिलाड़ी को लाल कार्ड नहीं दिखाया गया।

आईएयू 24 हॉवर विश्व रनिंग चैम्पियनशिप में जयप्रकाश को दूसरा स्थान

लखनऊ, 12 दिसंबर। उत्तर प्रदेश के अल्ट्रा रनर जयप्रकाश सिंह ने हाल ही में आयोजित आईएयू 24 हॉवर विश्व रनिंग चैंपियनशिप-2023 में अपने आयु वर्ग में दूसरा स्थान हासिल करते हुए भारत का परचम लहराया है। इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर द्वारा ताइवान की राजधानी ताइपे में चीनी ताइपे अल्ट्रारनर की ओर से गत 1-2 दिसंबर, 2023 को आयोजित इस चैंपियनशिप में अयोध्या के निवासी जयप्रकाश ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पुरुष 35 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में दूसरा स्थान हासिल किया जबकि उन्हें ओपन श्रेणी में ओवरऑल 26वां स्थान हासिल हुआ। विश्व रनिंग चैंपियनशिप में 38 साल के जयप्रकाश सिंह 24 घंटे लगातार दौड़ लगाते हुए 153.800 किमी. की दूरी तय करते हुए अपने आयु वर्ग में दूसरे स्थान पर रहे। इसके साथ ही उन्हें ओपन श्रेणी में ओवरऑल 26वां स्थान हासिल किया। जयप्रकाश ने इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के लिए गत 11-12 जून को मुंबई में आयोजित एनईबी स्पोर्ट्स एवं एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के माध्यम से क्वालीफाई किया था। उन्होंने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 150.8 किमी. की दूरी तय कर दूसरा स्थान हासिल किया था। जयप्रकाश ने इससे पहले मार्च 2022 में ओमान की राजधानी मस्कट में विश्व एथलेटिक्स द्वारा आयोजित वर्ल्ड रोड रेस वॉकिंग चैंपियनशिप में व्यक्तिगत 10 किलोमीटर वॉक रेस में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता था जो इस चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण पदक है।

दिव्यांग जूडो खिलाड़ी पूनम होगी जिला स्कूल सुरक्षा समिति की ब्रांड एंबेसडर

सिरसा, 13 दिसंबर। हरियाणा के सिरसा जिले के उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बुधवार को अपने कार्यालय में आरकेजे श्रवण एवं वाणी निशक्त कल्याण केंद्र की अध्यापिका जूडो खिलाड़ी पूनम को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन का खिताब मिलने पर उन्हें बधाई दी और सम्मानित किया। पूनम 2016 से जूडो खेल रही हैं, इस दौरान उन्होंने छह नेशनल व 15 जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है। गत तीन दिसंबर को विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन का खिताब दिया गया था। उपायुक्त ने कहा कि पूनम को सिरसा जिला की 'स्कूल सेफ्टी ब्रांड एम्बेसडर' बनाया जाएगा। पूनम ने सर्वश्रेष्ठ दिव्यांगजन का खिताब हासिल करके यह साबित कर दिया है कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए किसी भी प्रकार की बाधा हमें नहीं रोक सकती। पूनम को सिरसा जिला के सभी स्कूलों में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस के गुर सिखाने के लिए ब्रांड एम्बेसडर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वे आज यौन शोषण पर जिला के सभी स्कूलों के छात्र-छात्राओं से ऑनलाइन बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जिला के सभी स्कूलों में छात्राओं को सेल्फ डिफेंस सिखाने के लिए शेड्यूल तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। इसलिए पूनम अब जिला के सभी स्कूलों में छात्राओं को जूडो सिखा कर सेल्फ डिफेंस करना सिखाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय सहायक आरपी फूल, शेखर मौजूद रहे।

बस्सी में सांसद खेल महाकुंभ में चार लाख से अधिक खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

बस्ती 13 दिसम्बर। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले मे आयोजित सांसद खेल महाकुम्भ के तीसरे सत्र में इस बार चार लाख से अधिक खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एंव बस्ती लोकसभा क्षेत्र से सांसद हरीश द्विवेदी ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से ग्रामीण पृष्ठभूमि के खेलों तथा खिलाड़ियों को बड़ा मंच देने की कवायद के तहत शहीद सत्यवान सिंह स्टेडियम में सांसद खेल महाकुम्भ के तीसरे सत्र का आयोजन 20 से 29 दिसम्बर के बीच किया जायेगा जिसमे चार लाख से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उन्होने बताया कि महाकुंभ में 20 से अधिक प्रकार के खेलों का आयोजन होगा। पिछली बार खो-खो और कबड्डी में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों द्वारा इस बार राज्य स्तरीय खेलों में खेलने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महाकुम्भ का शुभारम्भ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एंव उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 20 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे करेंगे।

विजय मर्चेंट ट्रॉफी में यूपी ने असम को पारी से हराया

बड़ौदा 13 दिसंबर। खेल के हर विभाग में असम को बौना साबित करते हुये उत्तर प्रदेश की अंडर 16 टीम ने विजय मर्चेंट ट्राफी के लीग मुकाबले में पारी और 275 रन से एकतरफा जीत हासिल की। इंफीप्रो स्पोर्टस क्लब ग्राउंड में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी असम की टीम अपनी पहली पारी में मात्र 102 रन ही बना सकी जिसके जवाब में उत्तर प्रदेश ने अपनी पहली पारी में 547 रन बनाये और 445 रन की विशाल बढ़त अर्जित की। दवाब में बिखरी असम की टीम दूसरी पारी में भी 170 रन पर ढेर हो गयी। यूपी की जीत में गेंदबाजों और बल्लेबाजों का बराबर का योगदान रहा। असम की पहली पारी को कम स्कोर में समेटने में कार्तिकेय वाष्णेय (तीन विकेट),अयान और अर्जुन त्यागी (दो दो विकेट) ने अहम भूमिका अदा की वहीं कप्तान माधव वशिष्ठ (266) के दोहरे तूफानी शतक ने असम के गेंदबाजों को पानी पिला दिया।

रोहित का वर्ल्डकप फाइनल में हार के बाद पहला रिएक्शन, बोले-

बोले- मूव ऑन करना बहुत मुश्किल था, टीम के लिए काफी गर्व महसूस करता हूं

नई दिल्ली, 13 दिसंबर। रोहित शर्मा के इंटरव्यू का यह वीडियो उनकी मैनेजिंग टीम के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से बुधवार को पोस्ट किया गया है। इस वीडियो को मुंबई इंडियंस ने भी ट्वीट किया है। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा का वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मिली हार के बाद पहला रिएक्शन आया है। करीब 23-24 दिन बाद पहली बार रोहित कैमरे के सामने नजर आए। उन्होंने कहा- मुझे नहीं पता था कि कैसे इससे बाहर निकलूं। पहले कुछ दिनों में मुझे कुछ नहीं पता था क्या करूं। मेरी फैमिली, मेरे दोस्तों ने चीजों को आसान किया और मेरा साथ दिया, लेकिन मूव ऑन करना आसान नहीं था। रोहित शर्मा के इंटरव्यू का यह वीडियो उनकी मैनेजिंग टीम के ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से बुधवार को पोस्ट किया गया। इस वीडियो को मुंबई इंडियंस ने भी ट्वीट किया है। बता दें कि अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 19 नवंबर को फाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराया था। रोहित ने कहा- मैं हमेशा 50 ओवर का वर्ल्ड कप देखकर बड़ा हुआ हूं। 50 ओवर का वर्ल्ड कप मेरे लिए सर्वोच्च पुरस्कार था। हमने उस वर्ल्ड कप के लिए इतने सालों तक काम किया था। यह काफी निराशाजनक होता है, जब आपने सब अच्छा किया, आप जो कर सकते थे आपने किया। अगर मुझसे कोई पूछेगा कि आपने क्या गलत किया तो मेरे पास जवाब नहीं होगा। हमने 10 मैच जीते। परफेक्ट कभी कोई नहीं होता आप जीतते हैं तब भी गलतियां करते हैं। मैं टीम के लिए काफी गर्व महसूस करता हूं। फाइनल हारने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कुछ इस

प्रकार रिएक्ट किया। कप्तान ने आगे कहा- फाइनल के बाद मेरे लिए आसान नहीं था कैसे उससे बाहर निकलूं। मैंने कहीं दूर जाने का फैसला किया जहां इससे बाहर निकल पाऊं, लेकिन सभी का शुक्रिया कि वर्ल्ड कप कैम्पेन के दौरान हमें इतना सपोर्ट किया। एक-डेढ़ महीने लोगों ने हमारा साथ दिया, स्टेडियम आए, हमें सपोर्ट किया। उन सभी का बहुत शुक्रिया। मुझे उन सभी के लिए बुरा लगा, लेकिन सबसे अच्छी बात थी कि जब मैं लोगों से मिला उन्होंने हमें समझा। उनके अंदर गुस्सा नहीं था बल्कि उनसे प्यार मिला। इससे हम सभी को खासकर मुझे ताकत मिली और मैं आगे बढ़ पा रहा हूं। अश्विन ने बताया था- वर्ल्ड कप फाइनल में हार के बाद रोहित-विराट फूट-फूटकर रोए थे । वनडे वर्ल्ड कप 2023 फाइनल में मिली हार के बाद ड्रेसिंग रूम में कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली फूट-फूटकर रोए थे। ये खुलासा टीम के स्टार स्पिनर आर अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर एस बद्रीनाथ से बातचीत के दौरान किया है। पूरी खबर... वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारत को 6 विकेट की हार का सामना करना पड़ा था। अहमदाबाद में टीम इंडिया टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 240 रन पर ऑलआउट हो गई। 241 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने 43 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ट्रैविस हेड ने 137 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि मार्नस लाबुशेन ने नाबाद 58 रन बनाए। इससे पहले, मिचेल स्टार्क ने 3 विकेट झटके, जबकि कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड को 2-2 विकेट मिले। ट्रैविस हेड प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड महिला टेस्ट मैच कल से

नई दिल्ली, 13 दिसंबर। भारत और इंग्लैंड कीमहिला क्रिकेट टीम के बीच हाल ही में तीन मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज समाप्त हुई। यह सीरीज इंग्लैंड ने 2-1 से अपने नाम की।

दोनों टीमों की अब एकमात्र टेस्ट में भिड़ंत होने जा रही है। भारत और इंग्लैंड की गुरुवार से नवी मुंबई में टक्कर होगी। भारतीय महिला क्रिकेटटीम करीब नौ साल के बाद घरेलू सरजमीं पर टेस्ट खेलेगी।भारत ने इससे पहलेआखिरी टेस्ट नवंबर 2014 में साउथ अफ्रीका के विरुद्धखेला था। इंडिया वर्सेस इंग्लैंड महिला टेस्ट मैच का लुत्फ आप ऑनलाइन जियो सिनेमा पर बिल्कुल फ्री में उठा सकते हैं। वहीं, इस मैच से जुड़ी अहम खबरें आप लाइव हिंदुस्तान के स्पोर्ट्स पेज पर भी पढ़ सकते हैं।

भारत का टेस्ट स्क्वॉड: हरमनप्रीत कौर (सी), स्मृति मंधाना (वीसी), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, शुभा सतीश, हरलीन देयोल, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्राकर, साइका इशाक, रेणुका ठाकुर, तितास साधु, मेघना सिंह।

इंग्लैंड का टेस्ट स्क्वॉड: हीथर नाइट (कप्तान), एमी जोन्स (विकेटकीपर), बेस हीथ (विकेटकीपर), नेट साइवर-ब्रंट, डैनी व्याट, टैमी ब्यूमोंट, सोफिया डंकले, एलिस कैप्सी, सोफी एक्लेस्टोन, केट क्रॉस, किर्स्टी गॉर्डन, लॉरेन फाइलर, एम्मा लैम्ब, चार्ली डीन, लॉरेन बेल।

सेमीफाइनल में जर्मनी से भिड़ने को तैयार भारतीय जूनियर

कुआलालंपुर, 13 दिसंबर। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 के क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड के खिलाफ रोमांचक जीत के बाद भारतीय टीम गुरुवार को सेमीफाइनल में जर्मनी से पिछली सिलसिलेवार हारों का बदला लेने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने इस साल चार बार जर्मनी का सामना किया है और सभी चार मौकों पर हार गई है, उनकी आखिरी हार सुल्तान जोहोर कप 2023 के सेमीफाइनल में 3-6 से हुई थी। भारत एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप भुवनेश्वर 2021 के सेमीफाइनल में भी जर्मनी से 2-4 से हार गया। पिछले मैचों में, भारतीय टीम ने कोरिया के खिलाफ 4-2 से जीत हासिल की लेकिन उसे स्पेन से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा हालांकि कनाडा पर 10-1 की शानदार जीत के साथ भारतीयों ने वापसी की और पूल सी में दूसरा स्थान हासिल किया। भारत ने एक रोमांचक क्वार्टर-फ़ाइनल मुकाबले में विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर मौजूद नीदरलैंड्स पर 4-3 से जीत हासिल की।

कप्तान उत्तम सिंह ने कहा, अब हम दबाव में खेलने के आदी हो गए हैं। चाहे वह पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप फाइनल हो या सुल्तान जोहोर कप में कांस्य पदक मैच, हमने दबाव में खेला और जीता है। यह कुछ ऐसा है जिस पर हमने काम किया है। मौजूदा टीम के पांच खिलाड़ी पिछले जूनियर विश्व कप का हिस्सा थे, इसलिए हमारा अनुभव भी काम आता है।

भारतीय टीम के मुख्य कोच ने कहा, जर्मनी एक मजबूत टीम है और हमने हाल ही में सुल्तान जोहोर कप में उनका सामना किया था। हमने विश्व कप में जर्मनी सहित सभी टीमों का विश्लेषण किया है और उनके खिलाफ पिछले मैचों से मिली अतिरिक्त सीख हमें खेल से पहले अच्छी स्थिति में लाएगी। खिलाड़ी जानते हैं कि जर्मनी अपराजेय नहीं है, यह योजना को क्रियान्वित करने का मामला है।

सेमीफाइनलिस्टों में एकमात्र एशियाई टीम होने के नाते, कप्तान उत्तम सिंह अच्छे प्रदर्शन के प्रति आश्वस्त हैं। उन्होंने कहा, टीम के हर खिलाड़ी का सपना फाइनल जीतना है और हम उस लक्ष्य के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

टीम अच्छी फॉर्म में है और कई बार उनका सामना करने के बाद हम जर्मनी की ताकत और कमजोरियों को जानते हैं। हम केवल विश्व आयोजनों में भागीदार नहीं बनना चाहते। हम इसे जीतना चाहते हैं और हम उसी प्रेरणा के साथ खेलते हैं। इसलिए हम बचे हुए समय का उपयोग मैच के लिए खुद को तैयार करने में करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि हम कल जर्मनी के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

अर्जुन पुरस्कार की रेस में मो. शमी

नई दिल्ली, 13 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस साल के अर्जुन पुरस्कार के लिए वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के नाम की सिफारिश की है। इस 33 वर्षीय तेज गेंदबाज ने हाल में समाप्त हुए वनडे वर्ल्ड कप में शानदार प्रदर्शन किया था। भारत इस टूर्नामेंट के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था।

खेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार बीसीसीआई ने शमी का नाम सूची में शामिल करने के लिए विशेष आग्रह किया। इससे पहले उनका नाम देश के दूसरे सर्वोच्च खेल पुरस्कार के लिए नामित किए गए खिलाड़ियों की सूची में शामिल नहीं था। शमी ने वनडे विश्व कप में

सर्वाधिक विकेट लिए। उन्होंने केवल सात मैच में 24 विकेट हासिल किए थे।

पहले चार मैच में बाहर रहने के बाद शमी को जब मौका मिला तो उन्होंने उसका पूरा फायदा उठाया। वह अब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैच की सीरीज में खेल सकते हैं। खेल मंत्रालय ने इस साल के मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और अर्जुन पुरस्कार का फैसला करने के लिए 12 सदस्यीय समिति गठित की है।

उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एएम खानविलकर इस समिति के प्रमुख होंगे। उनके अलावा हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै, पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी कमलेश मेहता, पूर्व मुक्केबाज अखिल कुमार, महिला निशानेबाज और वर्तमान राष्ट्रीय कोच शुमा शिरूर, पूर्व क्रिकेटर अंजुम चोपड़ा, बैडमिंटन खिलाड़ी तृप्ति मुर्गुंडे और पावरलिफ्टर फरमान पाशा भी समिति में शामिल हैं।

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर भारत को दिया बल्लेबाजी का न्यौता

पोर्ट एलिज़ाबेथ 12 दिसंबर। दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को यहां तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के दूसरे मैच में टॉस जीत कर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया है। अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप की तैयारी के लिहाज से दोनो ही टीमों के लिये यह सीरीज बेहद अहम मानी जा रही है। सीरीज का पहला मैच डरबन में भारी बारिश की वजह से बगैर टॉस हुये ही रद्द घोषित कर दिया गया था। यहां आज के मैच में भी आकाश बादलों से ढका है और मौसम विभाग ने बारिश की संभावना भी जतायी है। **टीमे इस प्रकार है: दक्षिण अफ्रीका:** रीज़ा हेंड्रिक्स, मैथ्यू ब्रीत्ज़्की, एडन मार्करम, हाइनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), डेविड मिलर, ट्रिस्टन स्टब्स, मार्को यानसन, एंडिले फ़ेहलुक्वायो, जेराल्ड कोएत्ज़ी, लिज़ाड विलियम्स, तबरेज़ शम्सी। **भारत:** शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रवींद्र जाडेजा मुकेश कुमार, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत को मिली पांच विकेट से हार

पोर्ट एलिज़ाबेथ 12 दिसंबर। रिंकू सिंह (68 नाबाद) और सूर्य कुमार यादव (56) की बेहतरीन बल्लेबाजी पर रीज़ा हेंड्रिक्स (49) और एडन मारक्रम (30) की तूफानी पारी भारी पड़ी और गेंदबाजों के भरपूर प्रयास के बावजूद दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को मौसम बाधित टी20 मुकाबले में भारत को पांच विकेट से हरा कर श्रृखंला में 1-0 की अपराजेय बढ़त हासिल कर ली। भारत ने पहले खेलते हुये 19.3 ओवर में सात विकेट पर 180 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर लिया। वर्षा के कारण ओवरों की संख्या को घटाकर 15 कर दिया गया जिसमें दक्षिण अफ्रीका को 152 रन का लक्ष्य मिला। मेजबान टीम ने इस लक्ष्य को सात गेंद शेष रहते हुये पांच विकेट खोकर हासिल कर लिया।

हेंड्रिक्स और मारक्रम ने तूफानी शुरुआत कर मैच में पहले ही मनोवैज्ञानिक बढत हासिल कर ली थी मगर बीच के ओवरों में मो सिराज (दो विकेट) के अलावा मुकेश कुमार और कुलदीप यादव ने एक एक विकेट चटका कर भारत को मैच में वापस लाने की पुरजोर कोशिश की मगर डेविड मिलर (17),ट्रिस्टन स्टब्स (14 नाबाद) और एंडिले फेहुक्वायो(10 नाबाद) ने शानदार फिनिश करते हुये अपनी टीम को जीत दिला दी।

इससे पहले सेंट जॉर्ज्स पार्क में टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही जब उनके ओपनर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल पहले दो ओवर में बगैर खाता खोले पवेलियन लौट गये। बाद में क्रीज पर आये सूर्य कुमार यादव ने तिलक वर्मा (29) के साथ तेजी से स्कोरबोर्ड चलाया और दोनो बल्लेबाजों ने 11 के रन रेट से 5.5 ओवर में 55 रन जोड़ दिये लेकिन इस बीच वर्मा जेराल्ड कट्ज़ी की 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आयी गेंद को कट करने के प्रयास में डीप थर्ड मैन पर खड़े खिलाड़ी को कैच थमा बैठे।

नये बल्लेबाज रिंकू सिंह ने एक बार फिर मध्यक्रम में अपनी उपयोगिता सिद्ध करते हुये मैदान पर आते ही दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर प्रहार शुरु कर दिया। सूर्य और रिंकू के आक्रमण से सकते में आयी मेजबान टीम के कप्तान ने एडन मारक्रम ने अपने गेंदबाजों को बदलना शुरु किया हालांकि उन्हे सफलता 14वें ओवर में मिली जब तबरेज़ शम्सी की गेंद को लांग आफ के ऊपर मारने के प्रयास में सूर्य कुमार अपना विकेट गंवा बैठे। सूर्य ने 36 गेंदों की पारी में तीन छक्के और पांच चौके लगाये।

पुलिस कुशल खिलाड़ी भर्ती में लाने टेनिस, हैंडबॉल को शामिल करने की मांग

लखनऊ, 13 दिसंबर। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने पुलिस में कुशल खिलाड़ियों की हो रही भर्ती के लिये जारी सूची में लॉन टेनिस, हैंडबॉल व सॉफ्ट टेनिस को जगह देने की मांग की है। यूपी पुलिस में कुशल खिलाड़ियों की भर्ती के लिये एक दिन पूर्व विभिन्न खेलों में 546 पदों पर आवेदन मांगे गये थे। इस सूची में लॉन टेनिस, हैंडबॉल व सॉफ्ट टेनिस के खिलाड़ियों को शामिल नहीं किया गया था।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती टेस्ट के लिए पाक टीम का ऐलान

पर्थ, 13 दिसंबर। पाकिस्तान ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप श्रृंखला के पहले मैच के लिए अपने अंतिम एकादश की घोषणा कर दी है। टीम में दो खिलाड़ी टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। कप्तान के रूप में शान मसूद की पहली नियुक्ति में पाकिस्तान में कई बदलाव किए गए हैं, जिसमें ऑलराउंडर आमिर जमाल और दाएं हाथ के तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने के लिए तैयार हैं। जमाल ने एक साल पहले इंग्लैंड के खिलाफ पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और हाल ही में एशियाई खेलों में उनका प्रतिनिधित्व किया था।, वहीं खुर्रम के लिए यह अपने देश के लिए पहली यात्रा होगी।

लगभग एक साल के लंबे इंतजार के बाद, ऑलराउंडर फहीम अशरफ टेस्ट क्षेत्र में वापसी कर रहे हैं, जबकि सरफराज अहमद मोहम्मद रिजवान से पहले पाकिस्तान के विकेटकीपर की पहली पसंद बने हुए हैं। पाकिस्तान ने हाल ही में संपन्न आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करते हुए इमाम-उल-हक और अब्दुल्ला शफीक की जोड़ी को शीर्ष पर बरकरार रखा है। पूर्व कप्तान बाबर आजम चौथे नंबर पर बल्लेबाजी क्रम पर बने रहेंगे। अबरार अहमद के चोट के कारण बाहर हो जाने के कारण सलमान अली आगा को स्पिन की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। तेज गेंदबाजी का नेतृत्व शाहीन अफरीदी करेंगे, जिसका समर्थन फहीम अशरफ करेंगे।

पाकिस्तान टीम: इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, शान मसूद (कप्तान), बाबर आजम, सऊद शकील, सरफराज अहमद (विकेटकीपर), सलमान अली आगा, फहीम अशरफ, शाहीन अफरीदी, आमिर जमाल और खुर्रम शहजाद।

शेन वॉर्न की याद में होगा बॉक्सिंग डे टेस्ट

फैंस फ्री हार्ट टेस्ट करा सकेंगे

नई दिल्ली, 13 दिसंबर। शेन वॉर्न की याद में पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और शेन वॉर्न लिगेसी लिजेंडरी स्पिनर की याद में टेस्ट मैच के शुरुआती 4 दिन फैंस के लिए फ्री हार्ट टेस्ट भी रखने जा रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार, 12 दिसंबर को अपनी वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी है। इस साल का बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच 26 से 30 दिसंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज स्पिनर वॉर्न का मार्च 2022 में हार्ट अटैक से निधन हो गया था। उस समय वॉर्न की उम्र महज 52 साल थी।

फ्री हार्ट टेस्ट के लिए मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में और आस-पास 23 मेडिकल-ग्रेड हेल्थ स्टेशन बनाए गए हैं, जहां लोगों का एक चार मिनट का टेस्ट होगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और शेन वॉर्न लिगेसी के इस पहल का उद्देश्य हार्ट हेल्थ के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

साथ ही बोर्ड ने फैंस से मेलबर्न मैच के दौरान फ्लॉपी हैट पहनकर वॉर्न को श्रद्धांजलि देने का आग्रह किया है। पिछले साल भी ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के खिलाड़ियों ने राष्ट्रगान के दौरान फ्लॉपी हैट पहनकर वॉर्न को श्रद्धांजलि दी थी।

शेन वॉर्न टेस्ट क्रिकेट में 600 और 700 विकेट के माइलस्टोन तक पहुंचने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बने थे। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2005 में ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट में 600 विकेट पूरे किए थे। 2006 में इंग्लैंड के ही खिलाफ मेलबर्न में वॉर्न ने 700 विकेट का आंकड़ा भी पार कर लिया। बाद में श्रीलंका के दिग्गज ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन ने उनका रिकॉर्ड तोड़ा। मुरली ने 800 विकेट लिए। वॉर्न आज भी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले लेग स्पिनर हैं। 619 विकेट के साथ भारत के अनिल कुंबले दूसरे नंबर पर हैं।

शेन वॉर्न वनडे क्रिकेट में भी बेहद असरदार गेंदबाज रहे। 1999 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को चैंपियन बनाने में वॉर्न ने अहम भूमिका निभाई थी। वे इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलिया के दो सबसे अहम मैच सेमीफाइनल (विरुद्ध साउथ अफ्रीका) और फाइनल (विरुद्ध पाकिस्तान) में मैन ऑफ द मैच चुने गए थे।

शेन वॉर्न ने 23 साल की उम्र में भारत के खिलाफ 1992 में सिडनी टेस्ट से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट मैच जनवरी 2007 में इंग्लैंड के खिलाफ सिडनी में ही खेला था। इंडियन प्रीमियर लीग इस समय दुनिया की सबसे बड़ी लीग है। शेन वॉर्न टाइटल जीतने वाले पहले कप्तान बने थे। 2008 में उन्होंने अपनी कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स को खिताब दिलाया था।

विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में ऑस्ट्रेलिया से पहले भिड़ना होगा फायदेमंद : शान मसूद

पर्थ, 13 दिसंबर। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद का मानना है कि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के नजरिए से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज न सिर्फ रोमांचक होगी बल्कि टीम को खुद को जांचने परखने का भरपूर मौका देगी। पाकिस्तान गुरुवार से यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला की शुरूआत करेगा। चार साल में लाल गेंद से क्रिकेट खेलने के लिए यह पाकिस्तान का पहला द्विपक्षीय दौरा होगा।

टी-20 रैंकिंग के शीर्ष में सूर्य कुमार ने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ा

दुबई, 13 दिसंबर। भारत की टी20 टीम के कप्तान और विस्फोटक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में उनके तेज अर्धशतक का इनाम मिला है, जिससे आईसीसी पुरुष टी20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष पर उनकी बढ़त और बढ़ गई है।

सूर्य ने केवल 36 गेंदों में 56 रनों की पारी खेली और दाएं हाथ के बल्लेबाज ने कुल 10 रेटिंग अंक हासिल किए, जिससे सबसे छोटे प्रारूप में नंबर वन रैंक के बल्लेबाज के रूप में उनकी बढ़त और बढ़ गई। भारतीय स्टार के अब कुल 865 रेटिंग अंक हैं, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (787 रेटिंग अंक) और दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्कराम 758 रेटिंग अंक हैं।

दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स भारत के खिलाफ 49 रन की पारी के बाद एक स्थान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गये हैं। तिलक वर्मा ने 10 स्थान की छलांग के साथर 55वें स्थान पर और रिंकू सिंह एक साथ 46 पायदान लांघते हुये 59वें स्थान पर काबिज हुये हैं।

टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में, प्रोटियाज़ स्पिनर तबरेज़ शम्सी ने मंगलवार को खेले गये मैच में मात्र 18 रन देकर एक विकेट चटकाया था जिसकी मदद से वह दो स्थानों की बढ़त के साथ शीर्ष दस में जगह बनाने में सफल हुये हैं वहीं भारत के बाएं हाथ के गेंदबाज कुलदीप यादव उसी सूची में पांच स्थान ऊपर चढ़कर 32वें स्थान पर पहुंच गए है। एडन मार्कराम ऑलराउंडरों की नवीनतम टी20 रैंकिंग में दो स्थान के सुधार के साथ भारत के रव